Dabang Dunia (Indore), 9th September 2020, DD2, Page-2

# आईआईटी के प्रपोजल को हरी झंडी, शहर का तीसरा सेंट्रल स्कूल कैम्पस में खुलेगा

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

मंगलवार को केंद्रीय मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने इंदौर में एक और सेंट्रल स्कूल खोलने की घोषणा की है। यह स्कूल आईआईटी इंदौर कैम्पस में संचालित होगा। इसके लिए आईआईटी ने ही प्रस्ताव भेजा था। इसमें न केवल आईआईटी के स्टाफ बल्कि बाहर के विद्यार्थी भी पढ़ सकेंगे। सेंट्रल स्कूलों की श्रृंखला में यह 1242वां स्कूल है।

शहर में पहले से ही दो सेंट्रल स्कूल है। चिड़ियाघर के पास स्थित सबसे पुराना सेंट्रल स्कूल है तो दूसरा स्कूल एयरपोर्ट रोड पर स्थित है। अब यह तीसरा स्कूल तीसरी दिशा में होगा। केंद्रीय मंत्री श्री पोखरियाल ने ट्वीट के जरिए जानकारी दी कि मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि सेंट्रल स्कूल संगठन की विशाल श्रृंखला में एक नया नाम जुड़ने जा रहा है। आज सेंट्रल स्कूल आईआईटी, इंदौर खोलने के आदेश हो रहे है। मेरा विश्वास है कि आईआईटी, इंदौर परिसर में सेंट्रल स्कूल की स्थापना उच्च शिक्षा और स्कूल शिक्षा का एक अनोखा संयोग होगा। लाभान्वित होने वाले समस्त विद्यार्थियों और अभिभावकों को उन्होंने हार्दिक शुभकामनाएं भी दी।

**पहले से ही कर ली गई थी प्लानिंग-** आईआईटी के डायरेक्टर नीलेश कुमार जैन ने बताया कि उन्हें प्रसन्नता है कि उनके प्रस्ताव को मंजूरी मिली है। देश के कई आईआईटी कैम्पस में सेंट्रल स्कूल चल रहे हैं। इसी को देखते हुए यह प्रपोजल भेजा गया था। यह स्कूल वर्तमान में फिजिक्स-केमिस्ट्री की 26 कमरों वाली बिल्डिंग में लगाया जाएगा। इसके लिए काफी समय पहले ही प्लानिंग कर ली गई थी। अभी इस बिल्डिंग में डायरेक्टर ऑफिस के साथ ही अन्य गतिविधियां भी चल रही है। शहर से करीब 30 किलोमीटर दूर सिमरोल क्षेत्र में बना आईआईटी इंदौर 501.42 एकड़ में फैला हुआ है। अभी यहां करीब 1800 स्टूडेंट हैं। स्टाफ सहित करीब पांच हजार लोग यहां निवासरत हैं।